सामाजिक समरसता अभियान

चर्चा में क्यों?

17 अगस्त, 2022 को राजस्थान के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के मंत्री टीकाराम जूली ने शासन सचिवालय में उच्चाधिकारियों के साथ एक बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को प्रदेश भर में ‘सामाजिक समरसता अभियान’ चलाने और अभियान की कार्य योजना बनाने के लिये निर्देशित किया।

प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि हाल ही में जालौर में स्कूल टीचर द्वारा बच्चे की पिटाई के बाद हुई मौत की घटना के संबंध में शासन सचिवालय में उच्चाधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई।
- उन्होंने बताया कि अभियान के तहत संविधान एवं अनुसूचित जाति और जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम में उल्लेखित प्रावधानों के बारे में आम जन में जागरूकता लाई जाएगी। लोगों को समरसता, जो कि सभी धर्मों, विचारों और समाज को एकता के सूत्र में पिरोती है, के संबंध में जागरूक किया जाएगा।
- इसके साथ ही मंत्री टीकाराम जूली ने गृह, उच्च शिक्षा एवं स्कूल शिक्षा विभाग को पत्र लिखने के निर्देश दिये। उन्होंने बच्चों के साथ खाने-पीने, बैठने, कार्य करने व अन्य किसी भी प्रकार का भेदभाव न करने के लिये उच्च शिक्षा व स्कूल शिक्षा विभाग को तथा अनुसूचित जाति व जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों में प्राथमिकता से जाँच करते हुए शीघ्र चालान पेश करने के संबंध में गृह विभाग को पत्र लिखने के निर्देश दिये।
- उन्होंने अधिकारियों को अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत गठित ज़िला व ब्लॉकस्तरीय सतर्कता और मॉनिटरिंग समिति की बैठकें समय-समय पर आयोजित करने के भी निर्देश दिये।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/social-harmony-campaign